PTC India

# पीटीसी इंडिया लिमिटेड

सीआईएन : L40105DL1999PLC099328
**पंजीकृत कार्यालय** : द्वितीय तल, एनबीसीसी टावर, 15, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066
**फोन** : 011 – 41659500, 41595100, 46484200, **फैक्स** : 011 – 41659144
**ई–मेल** : info@ptcindia.com, **वेबसाइट** : www.ptcindia.com

## असाधारण आम बैठक की सूचना और रिमोट ई–वोटिंग की जानकारी

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पीटीसी इंडिया लिमिटेड (कम्पनी) के सदस्यों की 7वीं असाधारण आम बैठक (ईजीएम) बुधवार, 28 जून, 2023 को पूर्वा. 11.30 बजे (आईएसटी), वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") के माध्यम से, ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। यह ईजीएम कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 (सूचीयन विनियमावली) के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 22/2020 दिनांकित 15 जून, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 33/2020 दिनांकित 28 सितम्बर, 2020, जनरल सर्कुलर नंबर 39/2020 दिनांकित 31 दिसम्बर, 2020, 10/2021 दिनांकित 23 जून, 2021 तथा जनरल सार्कुलर नंबर 20/2021 दिनांकित 8 दिसम्बर, 2021, जनरल सर्कुलर नंबर 2/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 तथा जनरल सर्कुलर नंबर 10/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी संबंधित सर्कुलर्स के लागू प्रावधानों के अनुपालन में सदस्यों की किसी एक स्थान पर भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") के माध्यम से संचालन हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त एमसीए सर्कुलर्स के अनुपालन में, ईजीएम की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां 05 जून, 2023 को उन सभी सदस्यों को भेजी जा चुकी हैं, जिनकी ई–मेल आईडी'ज कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) के पास 02 जून, 2023 को (कार्य समाप्ति के समय पर) पंजीबद्ध हैं। कृपया नोट करें कि सदस्यों को ईजीएम की सूचना की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता, एमसीए सर्कुलर्स द्वारा समाप्त कर दी गई है। उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.ptcindia.com पर, नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ई–वोटिंग सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु एजेन्सी, की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट्स www.bseindia.com और www.nseindia.com क्रमानुसार पर भी उपलब्ध होंगी, जहां कम्पनी की प्रतिभूतियां सूचीबद्ध हैं।

*सदस्यगण, जिनके शेयर भौतिक/इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं तथा जिनका ई–मेल पता कम्पनी/उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीकृत नहीं है, उनसे अपना ई–मेल पता यथाशीघ्र सदस्य(यों) द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित पत्र की स्कैन प्रति अपने नाम, पूर्ण पता, फोलियो नंबर, कम्पनी के धारित शेयरों की संख्या के उल्लेख के साथ पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति और निम्नलिखित किसी एक दस्तावेज नामतः आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, निर्वाचन कार्ड, पासपोर्ट, उपयोगिता बिल अथवा कम्पनी में पंजीकृत सदस्य के पता प्रमाण के समर्थन में किसी अन्य दस्तावेज की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति ई–मेल द्वारा cs@ptcindia.com को भेजने का अनुरोध किया जाता है। सदस्यगण, जिनके शेयर अभौतिक रूप में हैं, वे अपना ई–मेल पता अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीकृत करवा सकते हैं। सदस्यगण ईजीएम की सूचना प्राप्त करने के लिए अपना ई–मेल अनुरोध ई–मेल आईडी cs@ptcindia.com पर भी भेज सकते हैं।*

ईजीएम की सूचना में उस विधि के संबंध में विस्तृत अनुदेश दिए गए हैं, जिसमें कि सदस्य अपना ई–मेल पता पंजीबद्ध करवा सकते हैं तथा अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अथवा ईजीएम के समय ई–वोटिंग द्वारा डाल सकते हैं तथा वीसी के माध्यम से ईजीएम से जुड़ सकते हैं, जोकि कम्पनी/एनएसडीएल/स्टॉक एक्सचेंजेज, उपरिसंदर्भित अनुसार, की वेबसाइट्स पर उपलब्ध है।

सदस्यगण, जो कट–ऑफ तिथि अर्थात 21 जून, 2023 को, भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक हैं, ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी विशेष व्यवसायों पर अपना वोट एनएसडीएल के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम्स के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

1. ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध विशेष व्यवसाय का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा ;
2. रिमोट ई–वोटिंग 25 जून, 2023 को पूर्वा. 09.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी ;
3. रिमोट ई–वोटिंग 27 जून, 2023 को अप. 05.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी, ;
4. कोई व्यक्ति, जो कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, वह इस सूचना को जानकारी के निमित्त मात्र समझे ;
5. कोई व्यक्ति, जो ईजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयरों का अर्जन करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और शेयरों का धारक है तथा वोट डालने हेतु ग्राह्य है, वह ईजीएम की सूचना में दी गई लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाने की प्रक्रिया का पालन कर सकता है। यदि ऐसा व्यक्ति ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल में पहले से पंजीकृत है, तो विद्यमान यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है ;
6. सदस्यगण नोट करें कि :
   - क) एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग माड्यूल, उपरोक्त तिथि और समय के बाद, वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी ;
   - ख) जो सदस्य ईजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट डाल चुके हैं, वे ईजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा ; ग) ईजीएम में इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा वोट डालने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ; तथा
   - घ) कोई व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि को दर्ज मौजूद होगा, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग अथवा ईजीएम में ई–वोटिंग सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा।

किसी पूछताछ की स्थिति में, जिसमें रिमोट ई–वोटिंग तथा ईजीएम में वोटिंग के साथ संबंधित मुद्दे और चिंताएं शामिल हैं, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स (एफएक्यू'ज) तथा शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे को evoting@nsdl.co.in पर अथवा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चतुर्थ तल, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013 को अनुरोध भेजें अथवा टेलीफोन नंबर +91 22 2499 7000, +91 22 4886 7000 पर कॉल करें जिनके द्वारा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के साथ सभी शिकायतों का निवारण किया जाएगा।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते **पीटीसी इंडिया लिमिटेड**

हस्ता./–
(राजीव माहेश्वरी)
कम्पनी सचिव
एफसीएस 4998

**तिथि : 06 जून, 2023**
**स्थान : नई दिल्ली**

e/LBSNEWSPAPER) @LBSNEWSPAPER